विद्यार्थियों के प्रतियोगी एवं अन्य परीक्षाओं के एडमिट कार्ड इत्यादि दस्तावेजों की सहायता के लिए, निगम में खुला अस्थाई काउंटर

भिलाई नगर/ निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने विद्यार्थी एवं परीक्षार्थियों को टोटल लॉकडाउन के दौरान सहायता पहुंचाने के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर निगम के जनसंपर्क विभाग में अस्थाई काउंटर की व्यवस्था कराई है! इस बाबत उपायुक्त श्री अशोक द्विवेदी ने आयुक्त श्री रघुवंशी के निर्देश पर आदेश जारी किया है जिसके मुताबिक प्रतियोगी एवं अन्य परीक्षाओं हेतु एडमिट कार्ड , इंजीनियरिंग कॉलेज एडमिशन की दशा में उनका कॉल लेटर , विधि मान्य परिचय पत्र इत्यादि की फोटोकॉपी की सुविधा/ऑनलाइन इंटरनेट प्रिंट आउट की सुविधा निगम के जनसंपर्क विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, इसके लिए जनसंपर्क अधिकारी पीसी सार्वा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है! टोटल लॉकडाउन के दौरान परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र इत्यादि की समस्या न हो इसके लिए निगम के जनसंपर्क विभाग में अस्थाई काउंटर स्थापित किया गया है! जहां कंप्यूटर से नेट प्रिंट एवं फोटो कॉपी की निशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी!